भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1398
उत्तर देने की तारीख 07 मार्च, 2018
बुधवार, 16 फाल्गुन, 1939 (शक)

कौशल विकास के लिए औपचारिक अकादमिक संरचना का विकास

1398. श्री संजय सिंहः

क्या **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों में युवाओं को लगाने के लिए उन पर सकारात्मक प्रभाव डालने हेतु औपचारिक अकादमिक संरचना विकसित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ग) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। कौशलीकरण को आकांक्षीय बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और औपचारिक शिक्षा के बीच पारगमन स्थापित करने के लिए बहुत से कदम उठाए हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) स्नातकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से एक क्रेडिट अंतरण मॉडल के जरिए X/XII कक्षा के साथ शैक्षिक साम्यता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण स्कीम के तहत कक्षा IX से XII के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, कई विश्वविद्यालय/कॉलेज व्यावसायिक स्नातक (बी.वीओसी) कार्यक्रम चला रहे हैं।

****